राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान

क्रमांक : PSKS / अभियान–21 / डीएलबी / 2021 / 2561-2776 दिनांकः– 03/03/2022

समस्त आयुक्त / अधिशाषी अधिकारी,
नगर निगम / परिषद / पालिकायें,
राजस्थान।

विषयः–विभागीय आदेश क्रमांक पीएसकेस / अभियान–2021 / डीएलबी / 24152 दिनांक 08.11.2021 एवं क्रमांक 1722–1934 दिनांक 08.02.2022 द्वारा दिये गये निर्देशों की पालना रिपोर्ट भिजवाने बाबत।

....

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासांगिक आदेश दिनांक 08.11.2021 एवं 08.02.2022 द्वारा निर्देश प्रदान किये गये थे कि प्रशासन शहरों के संग अभियान–2021 में शहरी आम नागरिकों से प्राप्त आवेदन पत्रों पर सरकार की मंशा के अनुरूप अपेक्षित कार्यवाही कर राज्य सरकार द्वारा दी गई विभिन्न प्रकार की शिथिलताओं / छूट का व्यापक प्रचार–प्रसार एवं सर्वे कर संभावित समस्त आवेदकों से व्यक्तिशः सम्पर्क कर उन्हें अभियान के अन्तर्गत जारी होने वाले पट्टों एवं उससे होने वाले लाभ बाबत अवगत कराया जावे।

अतः पुनः निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त निर्देशों की पालना में की गई कार्यवाही की रिपोर्ट निकाय से संबंधित क्षेत्रीय उप निदेशक के जरिये इस विभाग को तीन दिवस में भिजवाना सुनिश्चित करेगें। विभागीय निर्देशों की पालना नहीं किये जाने पर इसे गम्भीरता से लिया जायेगा, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार रहेगें।

साथ ही समस्त उप निदेशक (क्षेत्रीय) स्थानीय निकाय विभाग से भी अपेक्षा की जाती है कि प्रभावी पर्यवेक्षण करते हुए उपरोक्त निर्देशों की पालना में की गई कार्यवाही की रिपोर्ट तीन दिवस में विभाग को भिजवाना सुनिश्चित करें।

(हृदेश कुमार शर्मा)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

क्रमांक : PSKS / अभियान–21 / डीएलबी / 2021 / 2777-2788 दिनांक :– 03/03/2022

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. विशिष्ठ सहायक, माननीय मंत्री महोदय, नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर।
2. निजी सचिव, सलाहकार महोदय, नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर।
3. निजी सचिव, शासन सचिव महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर।
4. निंजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त सचिव महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर।
5. समस्त उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, राजस्थान।
6. संयुक्त निदेशक, आई.टी. अनुभाग निदेशालय को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. सुरक्षित पत्रावली।

(नरेन्द्र कुमार वर्मा)
उप निदेशक (प्रशासन)

D/PSKS2021/letter